MAR THOMA RESIDENTIAL SCHOOL, TIRUVALLA

THIRD TERMINAL EXAMINATION - FEB-2020

हिन्दी

Marks: 80
Time:- 3 Hrs.

CLASS:- 8

SECTION·A
(40 Marks)

Question 1·

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में एक प्रस्ताव लिखिए। [15]

i) सदाचार का महत्त्व।
ii) प्रदूषण की समस्या।
iii) जीवन में खेलकूदों की आवश्यकता।
iv) विश्वासपात्र मित्र जीवन की औषधी है। इस विषय पर अपना मत व्यक्त कीजिए।
v) 'हर चमकती चीज़ सोना नहीं होती' - इस कहावत के आधार पर एक कहानी लिखिए।

Question.2

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर एक पत्र लिखिए। [7]

i) विदेश में रहने वाले अपने एक मित्र को पत्र लिखकर अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव का वर्णन कीजिए।
ii) गाँव में रहने वाले अपने दादा को पत्र लिखकर बताइए कि इस गर्मी की छुट्टियों में तुम उनके साथ कुछ दिन रहने के लिए आओगे।

D.T.

Question. 3

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गाँधीजी के अनुसार शिक्षा, शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है। वे 'बुनियादी शिक्षा' के पक्षधर थे। उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए जो उसके आस-पास की ज़िन्दगी पर आधारित हो; हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए; रोजगार दिलाने के लिए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाए तथा नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो। गाँधीजी के उक्त विचारों से स्पष्ट है कि वे व्यक्ति और समाज के संपूर्ण जीवन पर अपनी मौलिक दृष्टि रखते थे तथा उन्होंने जीवन में सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलनों में भाग लेकर भारतीय समाज एवं राजनीति में इन मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की।

गाँधीजी की सारी सोच भारतीय परंपरा की सोच है तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति और संपूर्ण राष्ट्र वास्तविक स्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव एवं सामुदायिक विकास को प्राप्त कर सकता है। भारतीय समाज जब-जब भटकेगा तब-तब गाँधीजी उसका मार्ग दर्शन करने में सक्षम रहेंगे।

प्रश्न

i) गाँधीजी के अनुसार प्रत्येक बच्चे को किस प्रकार की शिक्षा दी जानी चाहिए? [2]

ii) गाँधीजी के अनुसार शिक्षा क्या है? वे किसके पक्षधर थे? [2]

iii) गाँधीजी ने क्या करने की कोशिश की? [2]

iv) गाँधीजी की सोच कैसी है तथा उनके दिखाए मार्ग पर क्या होता है? [2]

v) इस गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। [2]

Question 4

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

i) किसी एक शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए।
a) सूरज b) पेड़ [1]

ii) शुद्ध वर्तनी लिखिए। [1]
a) तत्कालिन b) स्तापिद

iii) अंग्रेज़ी अर्थ लिखिए :- [$4 \times 1/2 = 2$]
a) दिलचस्प b) सौगात c) तैराक d) अंकुर

iv) राजन को एक कार खरीदना था। उसके पास पैसे नहीं थे। [उचित समुच्चय बोधक शब्द जोड़कर वाक्य पुनः लिखिए] [1]

v) काल परिवर्तन कीजिए।
a) कुत्ते ने बच्चे को काट लिया। [आसन्न भूतकाल] [1]

P.T.O

vi) लड़का अपने मित्र के साथ खेलता है। [1]
(रेखांकित शब्दों का वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए)

vii निम्नलिखित मुहावरे से वाक्य बनाइए। [1].
a) पेट की आग बुझाना।

SECTION - B
[40 marks]

किन्हीं चार गद्यांश चुनकर उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

Question. 5

कभी-कभी हाथी हिंसक भी हो जाते हैं। वे जंगल के आस-पास के गाँवों और शहरों में प्रवेश कर खेती और पालतू पशुओं को नुकसान पहुँचाते हैं।

i) हाथी हिंसक क्यों हो जाते हैं? [2]
ii) हाथियों के संरक्षण के लिए सरकार ने क्या-क्या किए हैं और क्यों? [2]
iii) किस प्रकार हाथी मानव के लिए उपयोगी होते हैं? [3]
iv) हाथी की शारीरिक बनावट कैसी होती है? [3]

Question. 6

हमें सबक याद हो या न हो पर चिड़ियों को याद हो जाते थे। हमारे साथ ही वे भी पढ़ा करती थीं।

i) किन चिड़ियों के बारे में यहाँ बताया गया है? [2]

ii) मौलवी साहब का परिचय दीजिए। [2]

iii) लेखक और उनके मित्र मौलवी साहब की सहायता कैसे करते थे? [3]

iv) लेखक ने गुल्ली-डंडा खेल के बारे में क्या-क्या विचार व्यक्त किया है? [3]

Question. 7

कलाम का मानना था कि केवल बच्चों को ही इस प्रकार के प्रश्न सूझ सकते हैं।

i) 'इस प्रकार के प्रश्न' - यहाँ किस प्रश्न के बारे में बताया गया है? [2]

ii) 'स्वप्न' के बारे में कलाम जी ने क्या बताया है? [2]

iii) कलाम एक किंवदन्ति बन चुके व्यक्तित्व से मिले - वह व्यक्ति कौन था और उसे किस अवसर पर मिला था? [3]

iv) डॉ. कुरियन कौन थे? उन्होंने कलाम जी से देश के विकास के लिए क्या करने को कहा? [3]

Question. 8

दिए गए दोहों के भावार्थ लिखिए। शब्दार्थ भी लिखो।

a) सचमुच है वह नीचता, यदि भूले उपकार। [4]
उस सम और न उच्चता, जो भूले अपकार॥

अर्थ: → i) अपकार ii) नीचता (1)

b) सदाचार के बीज से, होता सुख का जन्म।
कदाचार देता सदा, विपदाओं को जन्म॥
[4]

P.T.O

शब्दार्थ :→ i) विपदा ii) कदाचार [1]

Question: 9

बच्चों के साथ खेलना मुझे अच्छा लगता है, पर वे जब मेरे पत्ते तोड़ते हैं तो मुझे बड़ा दर्द होता है।

i) यहाँ वक्ता और श्रोता कौन है? वक्ता क्यों दुःखी था? [2]

ii) पेड़ों से क्या-क्या लाभ हैं? [2]

iii) अपने दादाजी के बारे में पौधे ने क्या कहा? [3]

iv) एक बीज पौधे में कैसे बदलता है? [3]

Question 10

मुश्किलें पड़ें तो हम पे, इतना कर्म कर,
साथ दें तो धर्म का, चलें तो धर्म पर।

i) बच्चे ईश्वर से मन की शक्ति क्यों माँगते हैं? [2]

ii) किससे बचने और किसका दम भरने की बात बच्चे करते हैं? [2]

iii) मुश्किलों के समय बच्चे क्या करना चाहते हैं? [3]

iv) इस कविता का संदेश क्या है? [3]